


**श्री नरेन्द्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री



# नई रेल
# नया छत्तीसगढ़

**2014 से प्रगति पथ की नई यात्रा**

**कांकेर संसदीय क्षेत्र**









# प्रस्तावना




**श्री सुनील सिंह सोइन**
महाप्रबंधक
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

भारतीय रेलवे हमारे राष्ट्र की जीवन रेखा है। इसने देश के आर्थिक और सामाजिक विकास में सदैव से उत्प्रेरक का काम किया है। समान रूप से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अपनी स्थापना के बाद से ही छत्तीसगढ़ राज्य की सामाजिक–आर्थिक प्रगति में सहयोगी की भूमिका निभाती रही है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की स्थापना 1 अप्रैल, 2003 को हुई थी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का 46% रेल नेटवर्क छत्तीसगढ़ में अवस्थित है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के साथ–साथ पूर्व तट रेलवे भी छत्तीसगढ़ को सेवाएं प्रदान करती है। माल ढुलाई में अग्रणी ज़ोन होने के कारण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे छत्तीसगढ़ के औद्योगिक विकास को निरंतर गति प्रदान करती रही है। खनिज संपन्न राज्य होने के फलस्वरूप छत्तीसगढ़ में रेलवे नेटवर्क के विस्तार की अत्याधिक आवश्यकता है। इस आवश्यकता को पूर्ण करने के लिए रेलवे एवं छत्तीसगढ़ सरकार आपसी सहयोग के साथ काम कर रहे है। इसके अतिरिक्त, राज्य सरकार एवं रेलवे द्वारा संयुक्त रूप से कई परियोजनाओं को क्रियान्वित किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ में, विगत 4 वर्षों में रेल परियोजनाओं से संबन्धित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। एक तरफ रेलवे कनेक्टिविटी का विस्तार लौह संपन्न परंतु दुर्गम रावघाट तक किया जा रहा है तो दूसरी ओर दो महत्वपूर्ण कारीडोर के द्वारा पूर्व मध्य छत्तीसगढ़ के कोयला संपन्न मांड क्षेत्र तक रेल परिवहन सुविधा पहुंचाई जा रही है। इसके अतिरिक्त दो नई लाइनों, खरसिया–बलौदाबाजार–नया रायपुर–दुर्ग तथा कटघोरा–कवर्धा–डोंगरगढ़ के लिए सैद्धांतिक सहमति रेलवे बोर्ड द्वारा प्रदान कर दी गई है। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने के पश्चात, छत्तीसगढ़ के दूरस्थ क्षेत्रों तक रेलवे नेटवर्क का विस्तार होगा तथा राज्य के अनेक अनछुए क्षेत्रों में विकास के नवीन द्वार खुलेंगे। इस ब्रोशर का लक्ष्य छत्तीसगढ़ राज्य के कांकेर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हालिया, अतीत एवं वर्तमान की परियोजनाओं एवं कुछ महत्वपूर्ण गतिविधियों को सूचीबद्ध करना है।

हमारे कर्मचारियों के अथक प्रयास एवं यात्रियों के सहयोग के कारण क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा कराये गये थर्ड पार्टी आडिट के आधार पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को स्वच्छतम ज़ोन घोषित किया गया है। हम सभी छत्तीसगढ़ में रेलवे के और अधिक विकास के लिये कृत संकल्प है।



# कांकेर संसदीय क्षेत्र

**क. विधान सभा क्षेत्रः**

सिहावा, संजारी बालोद, डोंडी लोहारा, गुंडरदेही, अंतागढ़, भानुप्रतापपुर, कांकेर, केशकाल।

**ख. पिछले 4 वर्षों में पूरे किये गए कार्यः**

**ख1. आधारभूत संरचना के विकास कार्य**

- ❖ ₹ 204 करोड़ की लागत से दल्लीराझरा–जगदलपुर नई रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत दल्लीराझरा–गुदुम तक 17 किलोमीटर नई रेल लाइन की दिनांक 1 फरवरी, 2016 को कमीशनिंग।
- ❖ ₹ 204 करोड़ की लागत से दल्लीराझरा–जगदलपुर नई रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत गुदुम–भानुप्रतापपुर तक 17 किलोमीटर नई रेल लाइन की दिनांक 14 अप्रैल, 2018 को कमीशनिंग।

**ख2. यात्री सुविधाएं**

- ❖ ₹ 192 लाख की लागत से गुंडरदेही एवं कुसुमकसा स्टेशनों के प्लेटफार्मो की ऊंचाई में वृद्धि एवं विस्तार।
- ❖ ₹ 41 लाख की लागत से गुंडरदेही, लाटाबोर, सिकोसा एवं कुसुमकसा स्टेशनों पर प्लेटफार्म शेल्टर की सुविधा।
- ❖ ₹ 12 लाख की लागत से दल्लीराझरा स्टेशन पर रेल यात्रियों के लिए माडर्न सुविधा की व्यवस्था।
- ❖ सलाहीटोला एवं बैंसबोड़ स्टेशनों पर पेयजल तथा गुंडरदेही स्टेशन पर टायलेट की सुविधा

**ग. अन्य कार्यः**

- ❖ 78826/78827 दुर्ग–दल्लीराझरा–दुर्ग, त्रि–साप्ताहिक डेमू की शुरूआत।
- ❖ 78815/78818 रायुपर–दुर्ग–दल्लीराझरा डेमू का भानुप्रतापपुर तक विस्तार।

**घ. कार्य प्रगति परः**

- ❖ ₹ 3,741 करोड़ की अनुमानित लागत से दल्लीराझरा–रावघाट–जगदलपुर तक 235 किलोमीटर नई रेल लाइन परियोजना का कार्य प्रगति पर।
- ❖ ₹ 7 लाख की लागत से सलाहीटोला एवं भैंसबोड़ पैसेंजर हाल्ट स्टेशनों पर रेल लेवल प्लेटफार्म का प्रावधान।
- ❖ झरन दल्लीराझरा में पम्प हॉउस का उन्नयन एवं जल आपूर्ति की सुविधा में सुधार।
- ❖ दुर्ग–दल्लीराझरा सेक्शन – लेवल क्रासिंग नंबर DD-34 पर सब–वे की सुविधा।
- ❖ गुंडरदेही–लाटाबोर सेक्शन – लेवल क्रासिंग नंबर DD-36 पर रोड अंडरब्रिज की सुविधा।
- ❖ गुंडरदेही–लाटाबोर सेक्शन – लेवल क्रासिंग नंबर DD-44 पर रोड अंडरब्रिज की सुविधा।
- ❖ बालोद–कुसुमकसा सेक्शन – लेवल क्रासिंग नंबर DD-55 पर लाइट रोड ओवरब्रिज की सुविधा।
- ❖ बालोद–कुसुमकसा सेक्शन – लेवल क्रासिंग नंबर DD-54 पर रोड अंडरब्रिज की सुविधा।

# कुछ महत्वपूर्ण फोटोग्राफ






माननीय प्रधानमंत्री, माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा
गुदुम–भानुप्रतापपुर नई रेल लाइन एवं इस पर नई यात्री गाड़ी सेवा का शुभारंभ



दल्लीराझरा–गुदुम नई रेल लाइन एवं
इस पर नई यात्री गाडी सेवा का शुभारंभ




भानुप्रतापपुर एवं दुर्ग स्टेशनों के
मध्य नई यात्री गाडी सेवा का शुभारंभ



माननीय सांसद एवं अन्य अतिथियों द्वारा सिकोसा स्टेशन पर
प्लेटफार्म की ऊंचाई में वृद्धि का शुभारंभ



गुंडरदेही स्टेशन पर प्लेटफार्म की सुविधा



नवनिर्मित भानुप्रतापपुर रेलवे स्टेशन



नवनिर्मित गुदुम रेलवे स्टेशन